हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
13 मई 2024, समय 1305

हरियाणा में पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना के पुत्र कांग्रेस नेता मनमोहन भड़ाना अपने समर्थकों के साथ कल भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।

उन्होंने करनाल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में कांग्रेस छोड़कर बी.जे.पी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

....

कुरूक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद कैलाशो सैनी कल भारतीय जनता पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गई।

कल रोहतक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मौजूदगी में उन्होंने कांग्रेस पार्टी में आस्था जताई। श्रीमती कैलाशो सैनी वर्ष 1998 व वर्ष 1999 में इंडियन नेशनल लोकदल की टिकट पर सांसद बनी। वर्ष 2009 में कांग्रेस में शामिल होकर 2 बार लाडवा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ा लेकिन जीत हासिल नहीं हुई। करीब 5 साल पहले कांग्रेस पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई थी।

श्री नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने के बाद वह कुरूक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की टिकट न मिलने से नाराज चल रही थी और उन्होंने श्री जिंदल के चुनाव प्रचार में भी हिस्सा नहीं लिया।

....

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि हिसार की जनता ने देश को सबसे युवा सांसद दिया था और इस बार नैना चौटाला के रूप में हिसार को पहली महिला सांसद देने की बारी है। कल हिसार में जे जे पी प्रत्याशी नैना चौटाला के लिए चुनाव प्रचार के दौरान दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हिसार की जनता का उन पर सदैव कर्ज रहेगा।

शहरवासियों से वोट की अपील करते हुए दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उन्होंने बतौर सांसद हिसार में अनेक काम किए। उन्होंने कहा कि लोकसभा में आवाज उठाकर हिसार में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की हवाई पट्टी और पासपोर्ट सेवा केन्द्र स्थापित करवाया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी के टैंकरों की व्यवस्था और छोटी-छोटी ढाणियों तक बिजली पहुंचाने सहित कई कार्य गिनाए।

....

चुनाव की बढ़ती सरगर्मियों के बीच पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने कल थानेसर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिंदल के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करने की अपील की। उन्होंने आह्वान किया कि बी जी पी के पक्ष में वोट करके विकसित कुरुक्षेत्र – विकसित भारत का सपना साकार करें। अपने दौरे में उन्होंने एक रक्तदान शिविर में युवाओं को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया।
इस दौरान राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के दस वर्ष का ब्यौरा पेश करते हुए कहा कि श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था, सड़कों, फ़ौज और मूलभूत संरचना को बेहतरीन बनाया है। श्री मोदी की वजह से पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ा है।

....

भारतीय जनता युवा मोर्चा की चंडीगढ़ इकाई के जिला अध्यक्ष कर्णपाल राणा ने बुड़ैल में हुंकार रैली आयोजित की एवं जनता से भारतीय जनता पार्टी के चंडीगढ़ लोकसभा प्रत्याशी संजय टंडन को भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर चंडीगढ़ लोकसभा सीट से प्रत्याशी संजय टंडन भी मौजूद रहे । श्री राणा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी ने अपने दो कार्यकाल में भारत के युवाओं के लिए एक उज्ज्वल भविष्य को तैयार किया है साथ ही राम मंदिर निर्माण एवं अनुच्छेद 370 जैसे ऐतिहासिक कार्य किये।
सभा को नगर निगम पार्षद कंवर राणा तथा जिला अध्यक्ष रविंद्र मालिक ने भी संबोधित किया।

....

करनाल में बहुजन समाज पार्टी की स्टार प्रचारक और पार्टी प्रमुख मायावती ने कल कहा कि बीएसपी किसी विरोधी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ रही। पार्टी ने अकेले ही सभी लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी गरीबों , मजदूरों और आदिवासियों की आवाज उठा रही है।
मायावती करनाल में बीएसपी उम्मीदवार इंद्रजीत के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रही थी।

....

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कल रोहतक जिला के गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा क्षेत्र के गांव टिटौली, खिडवाली, किलोई, बोहर और इस्माइल में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने रोहतक लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार दीपेंद्र हुड्डा को जिताने की अपील की।

श्री हुड्डा ने बी.जे.पी. सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि हरियाणा में इस सरकार के कार्यकाल में कोई भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर का शिक्षण संस्थान स्थापित नहीं हुआ। श्री हुड्डा ने बेरोज़गारी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की, कि वे खुद ही नहीं बल्कि अपने परिवार को भी मतदान केंद्र तक लेकर जाएं।

....